भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2390**
सोमवार, **08** जुलाई, 2019/**17** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रख्यात कवि की जन्मभूमि का विकास

**2390.** श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार महान कवि विद्यापति के जन्मस्थान को पर्यटन-स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : पर्यटन गंतव्यों का विकास मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के दिशानिर्देशों के तहत राज्य सरकारों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने, संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस मंत्रालय को महाकवि विद्यापति की जन्मभूमि को बिहार में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने सम्बन्धी कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*******